पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल जी ने सुल्तानपुर के 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु आवश्यक वस्तुओं का किया वितरण

————————

सुल्तानपुर में नवनिर्मित महाविद्यालय, कटरा चुग्घूपुर का राज्यपाल जी ने किया लोकार्पण

—————

राज्यपाल जी ने सुल्तानपुर में परिजात वृक्ष का किया पूजन

——————

लखनऊः 8 दिसम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद सुल्तानपुर के पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या एवं जिला प्रशासन सुल्तानपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए 10 आंगनबाडी केन्द्रों को पठन–पाठन खेलकूद सामग्री वितरित की गयी। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने वाले कालेजों के 10 प्रबन्धकों को सम्मान प्रमाण पत्र, केन्द्र सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के लाभार्थियों को टूल्स किट, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की चॉबी, मनरेगा योजनान्तर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड, एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत वित्त पोषण सहायता योजना में डेमो चेक, मूंज उत्पाद में टूल्स किट व फर्म मशीनरी बैंक के अन्तर्गत चॉभी आदि वितरित की।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने जनपद सुल्तानपुर के वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धों के उपयोगार्थ वाशिंग मशीन भेंट किया। इससे पूर्व राज्यपाल जी ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के संघटक महाविद्यालय कटरा चुग्घूपुर में 7 करोड़ 59 लाख 63 हजार रूपये के लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि केन्द्र सरकार/राज्य सरकार की ओर से जो योजनाओं बनती हैं, उसका लाभ पात्र लाभार्थियों को मिले। उन्होंने

कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार का अवसर मिलना चाहिये। इसके लिये बच्चों को पढ़ाना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कार एवं शिक्षा हेतु छोटी इकाई, आंगनबाड़ी केन्द्र है। इस पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आंगनबाडी केन्द्र में गरीब घर के बच्चे आते है, जिनके पास कोई साधन नहीं होता। उन्हें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा स्टोरी, गीत, खेल के माध्यम से शिक्षा, स्वच्छता व संस्कार दिया जाता हैं। राज्यपाल जी ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में खेल के माध्यम से शिक्षा के विभिन्न तरीके सिखाये जाते हैं, उन्हें अनुशासन, संस्कार व भाईचारे का ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है। इसलिए बच्चों के शिक्षा से जुड़ी सभी आधारभूत सुविधाएं विद्यालय में उपलब्ध होनी चाहिये।

राज्यपाल जी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सभी अधिकारियों को एक–एक टी.बी. ग्रस्त बच्चों को गोद लेने की अपील की। राज्यपाल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी अन्य सामाजिक कुरीतियों के बारे में जागरूकता लाने का कार्य करें, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने राज्यपाल से संवाद कर अपने अनुभव बाटें।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने सिविल लाइन स्थित प्राचीन कल्पवृक्ष (पारिजात वृक्ष) का विधि विधान से पूजन अर्चन कर परिक्रमा की।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या के0पी0 सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

———————————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (97/23)
सम्पर्क सूत्र
9453005360

INFINIX S5 | 32MP
AI QUAD CAMERA

श्रीमती आनंदीबेन पटेल, महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति
INFINIX S5 | 32MP
AI QUAD CAMERA

INFINIX S5 | 32MP
AI QUAD CAMERA

श्रीमती आनंदीबेन पटेल
INFINIX S5 | 32MP
AI QUAD CAMERA